प्रकाशनार्थ

8 दिसम्बर , 2024 गोरखपुर

गोरखपुर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लीलावती देवी इण्टर काॅलेज, पतरा खास पिपराईच, गोरखपुर में गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान के बारे में डाॅ0 चंद्रशेखर त्रिपाठी जी ने कहा कि युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतिया दूर हो रही हैं और वह अब रक्तदान कर रहे हैं और लोगों को प्रेरित भी करते हैं। यह मानवता के लिए एक अच्छा संदेश है। वहा उपस्थित शिवांग शेखर त्रिपाठी जी ने भी बताया जब आप रक्तदान करते हैं, तो किसी को जीवन भर के लिए खुशियों का दान करते हैं। रक्त का दान आपके लिए कुछ मिनट का मतलब है लेकिन किसी और के लिए यह जीनकाल है। आपको रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती हैं। रक्तदान के लिए तो बड़ा दिल और मुक्त मन की जरूरत होती हैं। सहि मायनों में रक्तदान ही महादान है, जिसकी एक-एक बूंद से जीवनदान मिलता है।   रक्तदान के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डाॅ0 अवधेश अग्रवाल ने यह बताया की एक युनिट ब्लड से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गम्भीर बीमारीयों से छुटकारा मिलता हैं। ऐसे में समय-समय पर रक्तदान अवश्य ही करते रहना चाहिए  इस रक्तदान शिविर मंे सपना गुप्ता, प्रियंका, नेहा शर्मा, खुशबू यादव, एस.पी. रंजन, अंजली यादव, मोनिका, श्रुति सरोज, अफसाना अंसारी, चंद्रशेखर, सोनी कुमारी के साथ लगभग 25 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी डाॅ0 राकेश टेक्निशियन सतीश, रेनू, विवेक, रामरक्षा, रामकृष्णा एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।